# भारत को युवा पीढ़ी के दम पर ही विश्व गुरु बनाया जा सकता है : मुख्यमंत्री

समिट

**8 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की और थिंक इंडिया की ओर से जी-20 इम्पैक्ट समिट का आयोजन**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की और थिंक इंडिया की ओर से बुधवार को संस्थान के दीक्षांत भवन में जी-20 इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे।
इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जी-20 की अध्यक्षता करना भारत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि पहले कोई बड़ी घटना होने पर भारत विश्व की तरफ देखता था, लेकिन आज समय बदल गया है और अब दुनिया भारत की ओर देखती है।
मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नए भारत में देश की जनता के मन में यह भाव उत्पन्न हो गया है कि वह किसी भी क्षेत्र में जाए, वहां विश्व का नेतृत्व कर सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि आने वाले समय में उनके सामने बहुत सारे अवसर और चुनौतियां दोनों ही हैं। उन्हें कठिन परिश्रम करते हुए और अवसरों का लाभ लेते हुए दुनिया का नेतृत्व करना है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी के दम पर ही भारत को विश्व गुरु बनाया जा सकता है।
आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर केके पंत ने कहा कि नई शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों के लिए अपार संभावनाएं होने के साथ ही रोजगार के अवसर भी उन्हें मिलेंगे। निदेशक ने कहा कि उत्तराखंड में आने वाली आपदाओं के समाधान के लिए संस्थान की ओर से शोध कार्य किए जा रहे हैं।
इस मौके पर प्रोफेसर के अलावा विभिन्न स्कूलों से आए छात्र-छात्राएं और थिंक इंडिया के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# मानव सेवा सच्चा धर्मः स्वामी दुर्गेशानन्द



अन्न वितरण

**8 श्री मानव कल्याण आश्रम में अन्नक्षेत्र का वितरण साधु-संतों, भक्तों व असहायजनों में किया जा रहा है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुरुषोत्तम मास में श्री ललिताम्बा देवी ट्रस्ट के संयोजन में कनखल स्थित श्री मानव कल्याण आश्रम में निरन्तर अन्नक्षेत्र का वितरण साधु-संतों, भक्तों, तीर्थयात्रियों व असहायजनों में किया जा रहा है।
इस अवसर पर श्री मानव कल्याण आश्रम के महंत स्वामी दुर्गेशानन्द सरस्वती ने कहा कि मानव सेवा ही सच्चा धर्म है। अन्न, जल भगवान की करेंसी है। अन्न, जल के वितरण से मनुष्य का लोक-परलोक सुधरता है। उन्होंने कहा कि श्री ललिताम्बा देवी ट्रस्ट सदैव धार्मिक व सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाता है। श्री ललिताम्बा देवी ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि ललिताम्बा देवी व कल्याणानन्द सरस्वती द्वारा स्थापित श्री मानव कल्याण आश्रम गुरुदेव के पदचिन्हों पर चलते हुए सदैव मानव सेवा को तत्पर रहता है। पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन अन्नक्षेत्र का वितरण किया जा रहा है।
इस अवसर पर संस्था की ट्रस्टी रेणुका बेन एल. ठक्कर, सुरेन्द्र मिश्रा, ब्रह्मजीत, महेन्द्र, गोपी सैनी आदि उपस्थित रहे।

## कार लूट के प्रयास में तीन आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कार लूटने के प्रयास को पुलिस ने विफल करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।
पुलिस ने स्थानीय व्यक्तियों द्वारा बताए गए हुलिए के अनुसार आरोपितों की तलाश शुरू की और नारसन मुजफ्फरनगर बॉर्डर से दो आरोपितों को दबोच लिया। इन आरोपितों ने पहले गाड़ी बुकिंग की।
इसके बाद में वे लोग उसी गाड़ी को लूटकर ले जाने का प्रयास करने लगे, लेकिन चालक के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को देख आरोपित वहां से फरार हो गए थे।

# उत्तराखंड में 06 अगस्त तक मौसम का येलो अलर्ट, 234 सड़कें बाधित

मौसम

**8 आसमान बादलों से पटा हुआ है। बारिश की बौछारें रुक-रुक हल्की से मध्यम हो रही हैं।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश से अभी राहत नहीं मिलने वाली है। पर्वतीय क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं से सड़कें बाधित होने के कारण आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राज्य में कुल 234 मार्ग अवरुद्ध हैं, जिन्हें खोलने का कार्य जारी है। मौसम विभाग ने आगामी 06 अगस्त के लिए येलो अलर्ट और आज के लिए 05 जिलों में भारी से भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। गरज और चमक के साथ बारिश को देखते हुए आपदा विभाग और प्रशासन अलर्ट पर हैं।
देहरादून सहित राज्य के अधिकतर स्थानों पर बुधवार सुबह झमाझम बारिश के साथ दिन की शुरूआत हुई। पर्वतीय जनपदों में भी बारिश का दौर जारी रहा। आसमान बादलों से पटा हुआ है। बारिश की बौछारें रुक-रुक हल्की से मध्यम हो रही हैं। देहरादून में दोपहर 12 बजे के करीब सूर्यदेव ने बादलों के घेरे में दर्शन दिये। सूर्यदेव का लुकाछिपी का खेल चल रहा है।
मौसम विभाग की पूवार्नुमान में 06 अगस्त तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के पांच जिलों पिथौरागढ़, चम्पावत,बागेश्वर, नैनीताल, उधम सिंह नगर में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट और अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान गरज-चमक के साथ तीव्र से अति तीव्र बारिश का दौर बने रहने की संभावना है। इस दौरान संवेदनशील इलाकों में कहीं-कहीं हल्के भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण सड़कों, राजमार्गों में अवरोध और कटाव हो सकता है। निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति बन सकती है।
मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह का कहना है कि राज्य में अभी बारिश का क्रम जारी रहेगा। बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। नदियों के किनारे बसे लोगों को सचेत कर दिया गया है। आज पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं, जबकि मैदानी क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।
राज्य में लगातार हो रही बारिश के चलते पिथौरागढ़ जिले में 03 बॉर्डर मार्ग सहित करीब 224 अन्य सड़कें बाधित हैं। बंद मार्गों को बीआरओ टीम की ओर से खोलने का कार्य जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### खेत से पॉपुलर के पेड़ काट कर चोरी करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
किसान के खेत में खड़े पॉपुलर के पेड़ काटकर चोरी कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से पेड़ काटने के औजार व घटना में प्रयुक्त वाहन भी बरामद किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।
मंगलवार को झगरेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सुनहेटी आलापुर निवासी विनय कुमार ने अपने खेत से पॉपुलर के पेड़ चोरी होने संबंधी मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तार के प्रयास में लगी पुलिस ने कुछ ही समय का घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को पिकअप वाहन से खेत से काटे हुए पेड़ों को ले जाते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम गुफरान निवासी पहाड़पुर थाना नागल जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश, नीटू उर्फ काला निवासी कुंजा बहादुरपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार व मनोज निवासी कुंजा बहादुरपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार बताए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

### निष्ठा से कार्य करें पूर्व सैनिक : बलवीर सिंह रावत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कांग्रेस भवन में कै. बलवीर सिंह रावत अध्यक्ष पूर्व सैनिक/अर्ध सैनिक विभाग उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में बैठक हुई।
इसमें कांग्रेस पूर्व सैनिक/अर्धसैनिक विभाग द्वारा आगामी दिनों में राहुल गांधी की उत्तराखण्ड में पद यात्रा के विषय पर चर्चा हुई। पूर्व सैनिक विभाग को एक कर्मठ कार्यकारी अध्यक्ष के चुनाव के बारे में भी विशेष चर्चा हुई। साथ ही पूर्व सैनिक विभाग ने आने वाले लोकसभा चुनाव में भूमिका के संदर्भ में चर्चा की गई और सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार/राय एक जिले में जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत चर्चा की।
इस अवसर पर पूर्व सैनिक विभाग के सभी पूर्व सैनिक/पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य रूप से कै. बलवीर सिंह रावत अध्यक्ष पूर्व सैनिक/अर्द्ध सैनिक विभाग उत्तराखण्ड, कर्नल मोहन सिंह रावत, कर्नल राम रतन सिंह नेगी, कर्नल निधिकान्त ध्यानी, कर्नल एस. पी. शर्मा, ले. सहदेव शर्मा, सूवेदार मेजर सुदर्शन सिंह नेगी, सूवे मेजर खुशाल सिंह राणा, सूवेदार गोपाल सिंह गडिया, बलवीर सिंह पंवार एवं सूवे. नारायण सिंह नेगी गोष्ठी उपस्थित थे।

### भूस्खलन की रोकथाम को जिओटेक्निकल, जियोफिजिकल, टोपोग्राफिकल जांच कराई जायेगी : महाराज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मनसा देवी पहाड़ी में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के लिए दिशा निर्देश दिए। इससे पूर्व उन्होंने भीमगोड़ा, देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।
जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को मनसा देवी पर्वत में हो रहे भू-स्खलन का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को इसकी रोकथाम के निर्देश देते हुए कहा कि मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की संपूर्ण जांच कराई जाएग। उत्तराखंड लैंडस्लाइड मिटिगेशन एंड मैनेजमेंट सेंटर और उत्तराखंड स्टेट डिजास्टर अथॉरिटी मनसा देवी क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की रिपोर्ट शासन को सौंपेगी।
प्रदेश के कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने कहा कि मनसा देवी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था और हरिद्वार की शान है। इस लिए परिक्षेत्र में हो रहे भूस्खलन की जिओ टेक्निकल, टोपोग्राफिकल और जियोफिजिकल जांच करवाई जाएगी और उसके पश्चात इसकी रोकथाम के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इससे पूर्व श्री महाराज ने भीमगोड़ा, देवीपुरा स्थित कृष्ण कृपा धाम पहुंच कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी की शोक सभा में पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

## मेवात घटना के विरोध में बजरंग दल ने फूंका जिहाद का पुतला



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा के मेवात में मंदिरों पर जाते हुए श्रद्धालुओं पर जानलेवा हमले के विरोध में बजरंग दल के कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में चंद्राचार्य चौक पर एकत्र होकर हिन्दू धार्मिक यात्रा पर हुए जिहादी क्रूरता के विरोध में जिहाद का पुतला फूंका।
आक्रोश प्रदर्शन के दौरान बजरंग दल के प्रांत संयोजक अनुज वालिया ने कहा कि श्रावण में प्रतिवर्ष किसी भी सोमवार पर मेवात के अंदर भगवान शंकर का आशीर्वाद लेने के लिए महाभारत कालीन पांच मंदिरों में श्रद्धालु जाते हैं। यात्रा के दौरान उपद्रवियों द्वारा श्रद्धालुओं पर गोलियां और पत्थर बरसाने तथा आगजनी की घटना सोची समझी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि दंगाइयों ने कारों, बसों और अन्य वाहनों को आग लगायी और जो सामने दिखा उन पर गोलियां बरसाईं। इस घटना से मेवात मानो मिनी पाकिस्तान बन गया है।
जगह-जगह यात्री घिरे पड़े हैं। मंदिरों में और चौकियों पर भी हमले किए जा रहे हैं।
बजरंग दल प्रांत बलोपासना प्रमुख सौरभ चौहान ने आरोप लगाया कि इस घटना के जिम्मेदार वे लोग हैं जो इन दंगाइयों को भड़काते हैं। उनके भड़काने के कारण से ही, मुहर्रम व रामनवमी पर हमले होते हैं। यह घटना गंभीर आत्मविश्लेषण का विषय है। प्रांत सुरक्षा प्रमुख नवीन तेश्वर ने कहा कि यह दुष्कृत्य किसी हालत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में एकत्र कार्यकताओं ने हिन्दू धार्मिक यात्रा पर हुए क्रूर हमले के विरोध में जिहादी क्रूरता के विरुद्ध धरना प्रदर्शन कर जिहाद का पुतला जलाया।
प्रदर्शन करने वालों में जीवेंद्र तोमर जिला संयोजक बजरंग दल, अमित मुल्तानिया, रोहित शास्त्री, शिवम बिष्ट, अंगद सक्सेना, अक्षय शर्मा, अतुल चौहान, गोपाल भारद्वाज, कार्तिक दिवाकर, बबलेश चौहान के साथ विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जोशी को पितृशोक

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स-इंडिया यानी एनयूजेआई के कुमाऊं मंडल के अध्यक्ष और दैनिक आज के उत्तराखंड ब्यूरो चीफ दिनेश जोशी के पिता सीएम जोशी का देहावसान हो गया। उन्होंने बुधवार प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में 4 बजे अपने बड़ी मुखानी, भगत देशराज कॉलोनी हल्द्वानी स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। स्व. जोशी अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी और दिनेश जोशी और कैलाश जोशी सहित चार बच्चों का भरा पूरा परिवार रोता-बिखलता हुआ छोड़ गये हैं। स्व. जोशी के अंतिम दर्शन 12 बजे तक उनके आवास पर किए जा सकेंगे और इसके उपरांत उनकी अंतिम यात्रा चित्रशिला घाट रानीबाग के लिए प्रस्थान करेगी।

# ब्रह्मकपाल के समीप निर्माणाधीन पुल अलकनंदा में समाया, एक मजदूर बहा

हादसा

**8 एसडीएम कुमकुम जोशी के अनुसार बह गए मजदूर को ढूंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।**



**जोशीमठ/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में चमोली जिला स्थित जोशीमठ में बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत ब्रह्मकपाल के समीप बुधवार को एक निर्माणाधीन पुल अचानक भरभरा कर अलकनंदा में जा गिरा। हादसे के दौरान पुल पर दो मजदूर कार्य कर रहे थे। इस हादसे में एक मजदूर को बचा लिया गया है जबकि दूसरा अलकनंदा के तेज बहाव में बह गया। एसडीएम कुमकुम जोशी के अनुसार बह गए मजदूर को ढूंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# फिल्म 'जै मां धारी देवी' 4 अगस्त से ऋषिकेश में होगी प्रदर्शित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड फिल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले निर्मित पहली उत्तराखण्डी धार्मिक फीचर फिल्म 'जै मां धारी देवी' 04 अगस्त से रोजाना 10.45 बजे सुबह के शो में रामा पैलेस ऋषिकेश में प्रदर्शित की जायेगी।
यह जानकारी फिल्म के निर्देशक लेखक निमार्ता देबू रावत ने बुधवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में मीडिया से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि यह फिल्म मां धारी देवी की महिमा, वरदान आस्था पर पर बुनी गई धार्मिक, सामाजिक और पारिवारिक कहानी पर आधारित है। वह इससे पहले भी कन्यादान और थोकदार जैसी सुपर हिट गढ़वाली फिल्मों का



निर्माण-निर्देशन कर चुके हैं। इसके सह निमार्ता महेन्द्र नेगी, सरला महेन्द्र नेगी और रजनी रावत हैं। डिजिटल निमार्ता सोहन उनियाल, डीओपी मनोज प्रसाद सती, निर्माण प्रबन्धक प्रदीप नैथानी, गीत व संगीत गढ़रत्न नरेन्द्रसिंह नेगी का है। रावत ने बताया कि फिल्म के मुख्य कलाकार गौरव गैरोला, शिवानी भण्डारी, पूजा काला, सुमन गौड़, गीता उनियाल, राजेश मालगुडी, अजयसिंह बिष्ट, राजेश जोशी और आनन्द सिलस्वाल हैं। पत्रकार वार्ता फिल्म के लेखक-निमार्ता-निर्देशक देबू रावत, अभिनेत्री शिवानी भण्डारी, अभिनेता राजेश मालगुड़ी, राज कबसूड़ी, निर्माण प्रबन्धक प्रदीप नैथानी, उत्तराखण्डी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता रणवीर चौहान, पुरुषोतम जेठुड़ी, निमार्ता राकेश धामी, प्रसिद्ध समाजसेवी सीता पयाल उपस्थित थीं।

# कृषि मंत्री पहुंचे राजकीय उद्यान रामगढ़, किसानों की सुनी समस्याएं

## -मंत्री ने की मंडी खोलने की घोषणा, सेव विपणन के लिए तत्काल कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**नैनीताल/रामगढ़/टीम एक्शन इंडिया।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने कुमाऊं दौरे के तीसरे दिन बुधवार को राजकीय उद्यान रामगढ़ का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मंत्री ने सेब विपणन के लिए तत्काल कार्रवाई के अधिकारियों को दिए निर्देश देते हुए क्षेत्र में मंडी खोलने की घोषणा भी की। भ्रमण के पश्चात कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्थानीय फल उत्पादक किसानों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रामगढ़ क्षेत्र औद्यानिकी के लिए गोल्डन बेल्ट है। बैठक में किसानों ने औद्यानिकी में आ रही समस्याओं



को कृषि मंत्री के समक्ष रखा गया। कृषकों की ओर से कृषि मंत्री को फलों के प्रसंस्करण के लिए क्षेत्र में एक आधुनिक फल प्रसंस्करण इकाई की स्थापना करने के साथ ही कोल्ड चेन व सेटेलाइट मंडी स्थानीय स्तर पर स्थापित करने की मांग रखी गई।
कृषकों ने मंत्री को जानकारी दी कि वर्तमान में क्षेत्र में विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं में वृहद मात्रा में सेब के नए अति सघन उद्यान स्थापित कराये जा रहे हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंडी अधिकारियों को सेब विपणन के लिए तत्काल कार्रवाई को निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में मंडी खोलने की भी घोषणा की। जनपद नैनीताल में गत वर्ष विभिन्न योजनाओं में लगभग 1.5 लाख सेब क्लोनल रूट स्टॉक आधारित सेब पौधों का रोपण कराया गया है। गौरतलब है कि रामगढ़ में कृषक गौरव शर्मा ने वर्ष 2019-20 में 0.40 हेक्टेयर में 1000 सेब क्लोनल रूट स्टॉक आधारित स्पर प्रजाति किंग रॉट, गाला सिनिकोरेड आदि का रोपण किया है। इसके अतिरिक्त अभी तक लगभग 2500 सेब क्लोनल रूट स्टॉक आधारित स्पर प्रजाति के विभिन्न उन्नत किस्मों का रोपण किया जा चुका है। इनके उद्यान में पूर्व प्रचलित रेड डेलिसस, रॉयल डेलिसस, भूरा डेलिसस, गोल्डन डेलिसस बर्किंघम, राइमर आदि पौधे पूर्व में रोपित किए गए है।
इस मौके पर नैनीताल विधायक सरिता आर्य, अपर निदेशक उद्यान डा. आर.के.सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. संदीप तिवारी, मुख्य उद्यान अधिकारी आरके सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी वीके.यादव, पूर्व दर्जा मंत्री शांति मेहरा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सोवन सिंह, अंकित अंकित पांडेय सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# रात्रि से हो रही बारिश, रोपवे स्टेशन के पास भूस्खलन से घर को खतरा

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
सरोवर नगरी में रात्रि से लगातार बारिश हो रही है। सुबह सभी स्कूलों के बच्चे और शिक्षक भीगते हुए विद्यालय पहुंचे हैं। बारिश की वजह से नगर में भूस्खलन भी प्रारंभ हो गए हैं।
मल्लीताल में रोपवे स्टेशन के पास पॉपुलर कंपाउंड-चार्टन लॉज के बीच नाला नंबर 20 व 21 की ब्रांच लाइन में भूस्खलन हुआ है। इससे नाले से लगे नंदन राम के घर में दरार आ गई है और घर को खतरा उत्पन्न हो गया है।
पिछले दिनों सिंचाई विभाग की ओर



से नालों के सुदृढ़ीकरण के कार्य हुए थे, लेकिन इस स्थान के पास से सुदृढ़ीकरण के कार्य को छोड़ दिया गया था। इस कारण नाले की दीवार रात्रि दो बजे धमाके जैसी आवाज के साथ गिर गई। इससे घर में रहने वाले लोग भूकंप जैसी आशंका से घर से बाहर निकल आए। पीड़ित नंदन राम ने अविलंब नाले के निर्माण के साथ घर को बचाने की गुहार लगाई है।उल्लेखनीय है कि जनपद में ताजा बारिश से 25 सड़कें बंद हो गई हैं। बंद हुई सड़कों में नैनीताल जिला मुख्यालय का रूसी बाइपास, बेतालघाट से ओखलढूंगा के रास्ते रामनगर जाने वाला मार्ग मल्ली सेठी से खोला तक, बेतालघाट से ही क्यारी के रास्ते ओखलकांडा जाने वाला मार्ग अमेल से पापड़ी के बीच और बेतालघाट से भुजान मार्ग हल्सो कोरड़ के आश्रम पद्धति विद्यालय के पास तथा जलालगांव-देचौरी व नलनी मार्ग प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# संघ के वरिष्ठ प्रचारक मदन दास की अस्थियां गंगा में विसर्जित, मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**प्रेरणास्रोत**

**8 उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा और वे राष्ट्र के निर्माण में सन्नद्ध रहे, जो प्रेरणा का स्रोत है।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और पूर्व सह सरकार्यवाह मदन दास देवी के अस्थि अवशेष आज वैदिक विधि विधान के साथ हर की पैड़ी पर गंगा में विसर्जित किए गए। इससे पूर्व भीमगोडा स्थित कृष्ण कृपा आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ब्रह्मलीन मदन दास देवी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित अनेक गण्यमान्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मदन दास देवी के निधन से समाज की अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा और वे निरन्तर राष्ट्र के निर्माण में सन्नद्ध रहे, जो हमारे लिये प्रेरणा का स्रोत है।
श्रद्धांजलि सभा में महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज, भाजपा राजधानी कार्यालय प्रमुख महेंद्र पांडेय, प्रफुल्ल आकांत, डॉ. शैलेन्द्र, महानिवार्णी अखाड़े के सचिव महंत रविन्द्र पुरी, महंत रूपेंद्र प्रकाश, महंत राम मुनि, महंत जसविंद्र शास्त्री, महंत विष्णुदास, अनिल गुप्ता, सुनील, दयानन्द, आशीष चौहान, अधिवक्ता परिषद से हरि बोरिकर, उमेश दत्त शर्मा आदि ने भी श्री मदन दास देवी को श्रद्धांजलि दी। मदन दास देवी को श्रद्धांजलि देने वालों में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत ,वित्त मंत्री प्रेमचन्द्र अग्रवाल, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा, हरिद्वार नगर विधायक मदन कौशिक, ऋषिकेश मेयर अनिता ममगांई, पदम सिंह, दिनेश सेमवाल, डॉ. शैलेन्द्र, अजय कुमार, सुरेश जोशी, रमेश गाड़िया, विक्रम, डॉ ममता सिंह, रितांशु कंडारी, नवीन पन्त, पूर्व मेयर हरिद्वार मनोज गर्ग, रोहन सहगल, डॉ. यतींद्र नागयन, विकास तिवारी आदि प्रमुख थे।
श्रद्धांजलि सभा का संचालन जिला संघ चालक कुंवर रोहिताश्व ने किया।
पूर्व सह सरकार्यवाह स्वर्गीय मदन दास देवी की अस्थियों को वैदिक विधि विधान से हर की पौड़ी ब्रह्मकुंड में विसर्जित किया गया। श्रीगंगा सभा की ओर से अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, सिद्धार्थ चक्रपाणि, उज्ज्वल पण्डित,अनमोल आदि तीर्थ पुरोहित मौजूद थे।

# ऋषियों मुनियों की भूमि में शिक्षा का विशेष महत्व : मुख्यमंत्री धामी

**ओरिएंटेशन**

**8 इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दून विश्वविद्यालय में ओरिएंटेशन इंडक्शन 2023 कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।
कार्यक्रम में उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के दीक्षा प्रारंभ के इस कार्यक्रम में छात्रों को उनके बेहतर



भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया।
बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड ऋषियों की भूमि रही है जिसमें नए छात्रों की दीक्षा प्रारंभ हो रही है। उन्होंने छात्रों से समय का सदुपयोग कर जीवन में सफलता हासिल करने की बात कही।
उच्च शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने कहा कि नई शिक्षा नीति के जरिए बच्चों को रोजगार परक शिक्षा प्रदान की जा रही है, जिससे बच्चों का कौशल विकास भी हो रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि दून विश्वविद्यालय अगले 2 साल के भीतर देश की टॉप 100 विश्वविद्यालयों में शुमार हो जाएगा। दून विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल का कहना है कि दून विश्वविद्यालय में नए कोर्सेज के साथ बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### आयुष्मान योजना : आठ लाख से अधिक लाभार्थियों को मिला निशुल्क उपचार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से संचालित आयुष्मान योजना का अब तक 51.44 लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन गए हैं और 8.28 लाख से अधिक लाभार्थी योजना के तहत मुफ्त उपचार सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। इस सेवा पर सरकार का 15 अरब से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।
प्रदेश में आयुष्मान योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं।
योजना के अंतर्गत 102 सरकारी और 139 निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। राज्य के आखिरी छोर के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे इसके लिए राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए समय-समय पर अभियान व जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।
फलस्वरूप अभी तक 51 लाख 44 हजार से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं।
योजना की बेहतरी के लिए सरकार की ओर से भी निर्देशित किया जा रहा है। आयुष्मान के तहत मुफ्त उपचार सेवा में 1554 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय की जा चुकी है।
राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखण्ड मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. आनन्द श्रीवास्तव ने कहा कि," प्रदेश में आयुष्मान योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता में है। सुविधा को और अधिक सुगम बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाएंगे।
क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं की त्वरित समीक्षा कर योजना अधिक गतिमान बनाने का प्रयास किया जा रहा है।'

### कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद ने त्रिवेंद्र सिंह रावत का हाल जाना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत का स्वास्थ्य हाल जाना। इस दौरान प्रदेश के विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई। साथ ही सम सामयिक विषयों पर वार्ता हुई।
पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत अपना उपचार कराने के बाद घर लौटे हैं। मंत्री डा. अग्रवाल ने उनके घर पहुंचकर स्वास्थ्य हाल जाना। पूर्व सीएम ने बताया कि अब वह पूरी तरह से स्वस्थ हैं। इस मौके पर पूर्व सीएम ने मंत्री डा. अग्रवाल को प्रदेश में जनहित में लिये जा रहे निर्णयों की प्रशंसा की। इस दौरान प्रदेश के अन्य विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा हुई।'

### सेल्फ असेसमेंट गलत मिला तो चार गुना कर देना होगा : मनुज गोयल

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम के मुख्य नगर अधिकारी ने नगर निगम प्रशासन की ओर से ऐसे 9 बड़े प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किया है, जिन्होंने गलत सेल्फ असेसमेंट किया है।
इस संबंध में बुधवार को नगर आयुक्त देहरादून मनुज गोयल ने बताया कि लगातार टैक्स जमा करने के लिए लोग जागरूक हो रहे हैं। समय पर टैक्स जमा करने पर छूट का फायदा भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रारंभ में सभी कर दाताओं को स्वतः कर निर्धारण कर टैक्स जमा करने को कहा जाता है। उन्होंने बताया कि कई बार लोग गलत असेसमेंट कर टैक्स जमा करते हैं ऐसे में सभी सेल्फ असेसमेंट का सत्यापन किया जा रहा है, जिसके बाद उन से 4 गुना टैक्स वसूला जाएगा। 9 भवन स्वामियों को नोटिस भी भेजा जा चुका है।
नगर निगम ने भवन कर जमा करने के लिए स्वतःकरण निर्धारण (सेल्फ असेसमेंट) करने के दौरान गलत मूल्यांकन करने पर 9 भवन स्वामी को नोटिस भेजा गया है।
अधिकारियों के अनुसार यदि कर निर्धारण ठीक नहीं हुआ तो 4 गुना भवन कर की वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम में 2014 में कुल 55, 400 करदाता थे जबकि इनकी संख्या अब 10,12040 हो गई जिससे नगर निगम को 75 करोड़ कर वसूली की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में नगर निगम गलत असेसमेंट कर टैक्स जमा करने वालों पर लगाम कसने को तैयार है।

## महिला को लेकर आया था होटल में, बहन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
पर्यटन नगरी नैनीताल के तल्लीताल स्थित एक होटल में मंगलवार शाम एक महिला का शव मिला था। पहले माना जा रहा था कि मृतका जिस युवक के साथ आई थी, वह उसका पति था और उसकी हत्या कर फरार हो गया था। अब प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि फरार हुआ है कि युवक मो. गुलजार मृतका मृतका इमरत का पति नहीं बल्कि रिश्ते का फूफा का लड़का और पहले से न केवल विवाहित बल्कि तीन बच्चों का पिता है। इस मामले में मृतका की छोटी बहन फरहीन ने आरोपित मो. गुलजार पर बहन की हत्या करने की आशंका जताते हुए पुलिस में तहरीर दी है।

## डीएम ने ली जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक, हुई आय-व्यय पर चर्चा

**चर्चा**

**8 2023-24 के लिए प्रस्तावित कार्यों एवं उन पर होने वाले व्यय को लेकर चर्चा की गई।**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी चमोली हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अस्पताल गोपेश्वर में जिला चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक हुई। इसमें पिछले वित्तीय वर्ष की आय व्यय का विवरण और चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तावित कार्यों एवं उन पर होने वाले व्यय को लेकर चर्चा की गई।
जिलाधिकारी ने अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया कि अस्पताल में किसी भी उपकरण की आवश्यकता है तो जनहित में इसके लिए पहले से स्वीकृति लेकर उपकरण क्रय किए जाए। उरेडा से समन्वय करते हुए अस्पताल में सोलर पावर ग्रिड सिस्टम लगवाया जाए। इससे अस्पताल में प्रतिवर्ष बिजली पर खर्च होने वाली धनराशि की बचत होगी।
चिकित्सालय के ट्रांजिट हॉस्टल एवं चिकित्सा आवासों के मरम्मत हेतु जिला योजना में प्रस्ताव उपलब्ध करें। इस दौरान चिकित्सक आवासों की मरम्मत, अस्पताल में मरीजों की भोजन व्यवस्था, इलेक्ट्रीशियन और सफाई कार्मिकों की नियुक्ति, आउटसोर्सिंग कर्मियों की अवधि बढ़ाने पर भी चर्चा की गई।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. अनुराग धनिक ने चिकित्सा प्रबंधन समिति के समक्ष आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। बताया कि विगत माह अप्रैल से जुलाई तक 69.20 लाख की आय और चिकित्सा व्यवस्थाओं के संचालन में वित्तीय वर्ष 2022-23 में दो करोड़ का व्यय हुआ है। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों को भी स्वीकृति के लिए समिति के समक्ष रखा। बैठक में समिति के सदस्यों के सुझाव भी लिए गए।
बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, सांसद प्रतिनिधि कुलदीप वर्मा, विधायक प्रतिनिधि रवीन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी डा.अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव शर्मा, सीटीओ मामूर जहां आदि मौजूद थे।

## नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोपित पिता गिरफ्तार

**आरोप**

**8 हरिद्वार निवासी महिला ने अपने पर दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने के आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। बीती 31 जुलाई को अमोढ़ा खास थाना छावनी जनपद बस्ती उ.प्र. हाल निवासी रायपुर इण्डियन धर्मकांटा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार निवासी महिला ने अपने पति रमेश कुमार पर अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए भगवानपुर में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद आरोपित फरार था। पुलिस ने इस मामले में सख्त रुख अपनाते हुए आरोपित को ग्राम रायपुर में सुन्दरम फैक्टरी के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## ऋषिकेश देहरादून मार्ग पर मिक्सर वाहन मे लगी आग, कोई हताहत नहीं

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश देहरादून मार्ग स्थित सात मोड़ पर देहरादून से आ रहे एक मिक्सर वाहन में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि वाहन में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन इससे सड़क के दोनों ओर वाहनों का काफी लंबा जाम लग गया है। फायर अधिकारी बीरबल सिंह ने बताया कि 3:30 सूचना प्राप्त हुई कि ऋषिकेश देहरादून मार्ग स्थित सात मोड़ पर देहरादून से ऋषिकेश की ओर आ रहे एक मिक्कर वाहन में आग लग गई जिसकी सूचना पर पहुंचे दमकल वाहन से आग पर काबू पाया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है।

## हरियाणा में हिन्दुओं की धार्मिक यात्रा हुए हमले के विरोध में उत्तरकाशी में किया पुतला दहन



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
हरियाणा में हिन्दुओं की धार्मिक यात्रा पर जेहादियों और इस्लामिक लोगों के विरोध में उत्तरकाशी में पुतला दहन कर विरोध किया गया। धार्मिक ब्रजमंडल यात्रा में हरियाणा के नूंह में हुए दंगों को लेकर धर्मनगरी में भी लोगों में रोष है।
बुधवार को उत्तरकाशी में बजरंग दल के कार्यकताओं ने हनुमान चौक पर जेहादियों का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की। बजरंग दल के जिला संयोजक प्रदीप पंवार ने कहा कि आस्था व श्रद्धा के केंद्र पांडव कालीन प्राचीन नल्लहड़ शिव मंदिर की धार्मिक यात्रा पर एक समुदाय विशेष के लोगों ने तीर्थ यात्रियों पर पथराव किया।
कुरुक्षेत्र से गया जत्था भी किसी तरह से जान बचाकर वापस लौट पाया। उन्होंने कहा कि बजरंग दल विश्व हिन्दू परिषद के सदस्य जेहाद के खिलाफ काम करेंगे। लव लैंड जेहाद के खिलाफ काम करेंगे। बजरंग दल के सदस्यों को गांव गांव में नियुक्त किया जा रहा हैं।
इस अवसर पर नगर संयोजक अभिषेक नेगी, भटवाड़ी प्रखंड संयोजक पवन रावत,जयवीर चौहान, मानसिंह गुसाईं , महेश पडियार,दीपक सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।

**विरोध**

**8 -बजरंग दल ने हनुमान चौक पर जेहादियों का पुतला दहन कर जमकर किया नारेबाजी**

## कीटनाशकों के छिड़काव न होने से बढ़ रहे संक्रामक रोगः सेठी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने हरिद्वार जिले में बढ़ते वायरल और आई फ्लू पर चिंता जताते हुए जिलाधिकारी हरिद्वार एवं नगर आयुक्त से पूरे नगर निगम के समस्त वार्डों में युद्धस्तर पर कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव और रात्रि में फागिंग की मांग की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तेजी से इस समय वायरल, फ्लू फैल रहा है वो चिंताजनक है, लेकिन दुर्भाग्य कि बात है कि कांवड़ मेले के बाद युद्ध स्तर पर नगर निगम कार्रवाई अमल में लाता था, लेकिन इस बार अब तक फागिंग और कीटनाशक दवाइयों का छिड़काव शुरू नहीं हो पाया जो



आगे और ज्यादा तेजी से संक्रामक बीमारियों को फैलाएगा। कहा कि सबसे ज्यादा आई फ्लू और वायरल के मरीज देखने को मिल रहे हैं, जिसके लिए सभी जगह नियमित छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए।
महानगर अध्यक्ष जितेंद्र चौरसिया एवं महामंत्री नाथीराम सैनी ने कहा कि जिलाधिकारी से मांग रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग को भी निर्देशित करें कि वो उचित व्यवस्थाएं कर रोगियों को समुचित इलाज मुहैया करवाएं।
बैठक में रणवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष सुनील मनोचा, रिंकेश शर्मा, शिव शंकर, राजा सिंह, मनोज कुमार, प्रवीन शर्मा, राज वर्मा, भूदेव शर्मा, पंकज मांटा, हरीश भट्ट, पवन पांडेय, मनोज कुमार, अनिल कुमार, रवि बांगा, सोनू चौधरी, गौरव गोतम उपस्थित रहे।

# पौड़ी गढ़वाल के गोली लगने से घायल छात्र को एम्स में भी नहीं मिली सीटी स्कैन सुविधा

**-स्टाफ ने परिवार को घायल सहित भेजा प्राइवेट हॉस्पिटल पनेशिया**
**-परिवार ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बताई अपनी व्यथा**
**-पिता की लाइसेंसी राइफल से लगी थी गोली**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
पौड़ी गढ़वाल में गोली लगने से घायल हुए 15 वर्षीय छात्र अर्पित को इलाज के लिए एम्स की ट्रामा इमरजेन्सी के रेड जोन में भर्ती किया। किशोर की हालत बहरहाल खतरे से बाहर है, लेकिन उसका यहां पर भी इलाज नहीं किया गया और उसे निजी अस्पताल पनेशिया भेज दिया गया। छात्र के परिवार ने इस व्यथा के बारे में पत्र लिखकर प्रधानमंत्री को अवगत कराया है।
परिजनों ने बताया कि बीती 31 जुलाई की रात को घायल को पौड़ी के नजदीकी श्रीनगर मेडिकल कालेज भेजने की बजाय 130 किलोमीटर दूर एम्स ऋषिकेश भेज दिया गया और अब यहां सीटी स्कैन मशीन खराब होने पर घायल को किशोर निजी अस्पताल में इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इसको लेकर परिवार वालों ने सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। एम्स प्रशासन के मुताबिक सिटी स्कैन ना होने से घायल का इलाज प्रभावित नहीं होगा।
उल्लेखनीय है कि पौड़ी निवासी रिटायर्ड शिक्षक के 15 वर्षीय पुत्र अर्पित ने दो दिन पहले अपने पिता की लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली थी। अर्पित कक्षा 10 वीं का छात्र है। घायल अर्पित को पहले स्थानीय जिला



अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे एम्स के लिए रेफर कर दिया गया था। बीती रात्रि एम्स पहुंचने पर अर्पित को एम्स की ट्रामा इमरजेन्सी में भर्ती किया गया। ट्रामा चिकित्सकों के अनुसार किशोर के सीने में बांयी ओर गोली लगने से गहरा घाव बना हुआ है। इसके अलावा घटना के दौरान गोली सीने से आर-पार हो जाने के कारण उसकी छाती की हड्डियों, लंग्स और मांशपेशियों को भी क्षति पहुंची है। दिल की धड़कन पर बराबर नजर बनाए रखने के लिए उसे आईसीडी (इंम्पाटेबल कार्डियोवर्टर डिफिब्रिलेटर) से सपोर्ट किया गया है।
इस पूरे मामले में किशोर के परिवार वालों ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि सोमवार की रात करीब 8:30 बजे घायल किशोर को एम्स लाया गया था। जबकि पौड़ी से करीब 30 किलोमीटर दूर श्रीनगर मेडिकल कालेज भेजने की बजाय घायल को 130 किलोमीटर दूर एम्स ऋषिकेश भेजा गया। एम्स ऋषिकेश में भी चिकित्सकों ने उसे सिटी स्कैन कराने की सलाह दी, एम्स की मशीन खराब है। हास्पिटल के स्टाफ ने निजी चिकित्सालय पनेशिया हास्पिटल देहरादून रोड ऋषिकेश जाने की सलाह दी। एम्स से स्टाफ और एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई गई। निजी चिकित्सालय पनेशिया में भी मेडिकोलीगल केस बताकर सीटी स्कैन नहीं किया गया। मजबूर होकर मरीज को वापस लाना पड़ा।
प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में परिजन ने आगे लिखा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय स्तर के एम्स की सिटी स्कैन का खराब होना बेहद पीड़ादायक और दुःखद है। गम्भीर हालात के मरीज निजी अस्पतालों की कठपुतली बन रहे हैं और निजी अस्पताल अपनी मनमानी चला रहे हैं। पहाड़ के मरीजों को मानसिक और बड़ा आर्थिक नुकसान हो रहा है।
इसबारे में एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि मरीज का स्वास्थ्य अभी स्थिर है और आवश्यक उपचार जारी है। एम्स के भीतर सीटी स्कैन मशीन खराब होने के कारण किशोर का स्कैन नहीं हो पाया है। इससे उसका उपचार प्रभावित नहीं हुआ है, अन्य जांच नियमित चल रही हैं।

**सिटी स्कैन के लिए पांच किलोमीटर दूर भेजने पर सवाल-**
एम्स ऋषिकेश के आसपास कई सेंटर ऐसे हैं जहां सिटी स्कैन की सुविधा 24 घंटा उपलब्ध है। सोमवार की रात घायल किशोर को एम्स के नजदीक सेंटर में ना ले जाकर यहां से पांच किलोमीटर दूर देहरादून रोड ऋषिकेश में स्थित निजी चिकित्सालय में सिटी स्कैन के लिए भेजे जाने पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

## वह जब भी खेलेंगे तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे, इस स्पिनर की तारीफ में बोले शार्दुल ठाकुर

नई दिल्ली । वह जब भी खेलेंगेयुजवेंद्र चहल ने अब तक दौरे में एक भी मैच नहीं खेला है लेकिन शार्दुल ठाकुर का मानना है कि लेग स्पिनर एक सिद्ध कलाकार है। वेस्टइंडीज में अपने प्रदर्शन से शार्दुल ठाकुर ने भारत की विश्व कप टीम में चयन के लिए मजबूत दावा पेश किया है। शार्दुल वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में सबसे सफल गेंदबाज बने, उन्होंने यहां निर्णायक मैच में 4/37



के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े के साथ तीन मैचों में 8 विकेट लिए। उन्होंने चहल को लेकर बयान में कहा, 'चहल बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, उन्होंने वर्षों तक प्रदर्शन किया है और खुद को साबित किया है। लेकिन उन्हें खिलाना है या नहीं यह प्रबंधन का फैसला है।' उन्होंने कहा, 'वह जिस तरह के खिलाड़ी हैं, जब भी खेलेंगे तो अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह जो भी मैच खेलते हैं उसमें विकेट लेते हैं। मुझे नहीं लगता कि एक सीरीज नहीं खेलने से वह हतोत्साहित होंगे।'

## एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिए एशियाई खेलों की तैयारी को पुख्ता करने उतरेगी भारतीय टीम

चेन्नई : खिताब की प्रबल दावेदार और तीन बार की चैम्पियन भारतीय टीम यहां बृहस्पतिवार से शुरू हो रही एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के जरिये एशियाई खेलों की अपनी तैयारी पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज भारत टूर्नामेंट की सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और यहां राधाकृष्णन स्टेडियम पर चीन के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस मैदान पर 2007



के बाद पहली बार कोई बड़ा टूर्नामेंट हो रहा है। भारत 2011 के बाद पहली बार एसीटी की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम का मकसद अपने खिलाड़ियों को आजमाना और एशियाई प्रतिद्वंद्वियों का आकलन करना होगा। एशियाई खेल चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच खेले जायेंगे। एशियाई खेलों के जरिये पेरिस ओलंपिक का सीधे टिकट मिलेगा लिहाजा भारतीय टीम एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी को हलके में नहीं लेगी।

## युवाओं को मौके दे रहे हैं, रोहित-विराट को आराम दिए जाने पर बोले हार्दिक

तारोबा : स्टार हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गजों को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे और तीसरे वनडे में आराम इसलिए दिया गया ताकि विश्व कप से पहले युवा खिलाड़ियों को मौके मिल सकें। भारत ने तीन मैचो की श्रृंखला 2.1 से जीती। हार्दिक ने तीसरा वनडे 200 रन से जीतने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'विराट और रोहित टीम का अभिन्न अंग हैं। वैसे रुतुराज और अक्षर को भी मौका देना जरूरी था क्योंकि वे इतने साल से खेल रहे हैं।



उन्हें पता है कि इस तरह की परिस्थितियों में कैसे खेलना है।' उन्होंने कहा, 'इसका मकसद युवाओं को मौका देना था ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अगर हमें किसी को परखना है तो उसका मौका दिया जाए।' पहले दो मैच में नाकाम रहने के बाद हार्दिक ने तीसरे मैच में 52 गेंद में नाबाद 70 रन बनाए और उन्होंने इसके लिए कोहली को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'मैंने विराट से दो दिन पहले काफी उपयोगी चर्चा की। उसने मुझे सलाह दी। वह मुझे इतने साल से खेलते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्रीज पर कुछ समय बिताओ और 50 ओवरों का मैच खेलने की आदत डालो। उसने महत्वपूर्ण सलाह दी जो मेरे दिमाग में रही।'

## इंडियन सुपर लीग में प्रतिस्पर्धा करने वाला 12वां क्लब बना पंजाब एफसी

मुंबई। पंजाब एफसी इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में हिस्सा लेने वाला 12वां क्लब बन गया है। आईएसएल ने आज एक आधिकारिक बयान जारी कर पहला क्लब बन गया।इंडियन सुपर लीग के प्रवक्ता ने कहा, 'हमें इंडियन सुपर लीग परिवार में पंजाब एफसी का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। पंजाब एफसी उत्साह, प्रतिभा और दृढ़ संकल्प की एक नई लहर लाता है। जैसा कि आईएसएल इस सीजन में अपने 10वें वर्ष का जश्न मना रहा है, लीग भारतीय फुटबॉल




पंजाब एफसी के आगामी 2023-24 सीजन से लीग में हिस्सा लेने की घोषणा की। पंजाब एफसी 2022-23 आई-लीग खिताब जीतने के कारण आईएसएल में पदोन्नत होने वाला की आईएसएल में पदोन्नति से भारत में खेल के प्रति प्रशंसकों की रुचि और उपस्थिति में और तेजी आएगी। यह पंजाब के जुनूनी फुटबॉल प्रशंसकों का प्रतिनिधित्व करते हुए लीग में को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से एक समावेशी और मजबूत लीग पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के अपने वादे को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।'

## फीडे विश्व कप शतरंज - मैरी ,दिव्या ,नारायनन, अभिमन्यु ,कार्तिक दूसरे दौर में




नई दिल्ली। बाकू , अजरबैजान , फीडे विश्व कप शतरंज के पुरुष वर्ग में पहले राउंड के बाद तीन भारतीय खिलाड़ी सीधे दूसरे दौर में जगह बनाने में कामयाब रहे है । दो क्लासिकल मुकाबले के राउंड में भारत के एसएल नारायनन नें बोस्टवाना के ओथोस्टे प्रोविडेंस को 2-0 से ,अभिमन्यु पौराणिक नें मेक्सिको के लुईस फरनान्डो को 2-0 से और कार्तिक वेंकटरमन नें यूएसए के ग्रीगोरी केदनोव को 1.5-0.5 से मात देते हुए दूसरे राउंड में स्थान बना लिया है जबकि हर्षा भारतकोटी को जॉर्जिया के लेवान पन्त्सुलिया से ,अधिबन भास्करन को अंडोरा के हेडेसॉन लांस से क्लासिकल के बाद स्कोर 1-1 रहने के कारण टाईब्रेक का सामना करना होगा । पुरुष वर्ग में भारत के डी गुकेश, विदित गुजराती ,अर्जुन एरिगासी , आर प्रज्ञानन्दा और निहाल सरीन सीधे दूसरे राउंड से विश्व कप खेलेंगे । महिला वर्ग में भारत की मैरी गोम्स नें क्यूबा की फोरास मोरेनो को 1.5-0.5 से मात देते हुए दूसरे दौर में जगह बना ली है जबकि समाचार लिखे जाने तक दिव्या देशमुख मलेशिया की अजहर पुतेरी से 1-0 से आगे खेल रही थी जबकि नंधिधा पीवी चीन की यान तियान्ि से 0.5-0.5 की बराबरी पर चल रही थी । भारत की कोनेरु हम्पी , हरिका द्रोणावल्ली और आर वैशाली को दूसरे राउंड से सीधा प्रवेश दिया गया है।

## चेन्नई पहुंचने पर पाकिस्तानी कोच शेख शाहनाज ने कहा-हम भारत में खेलने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं

चेन्नई। पाकिस्तान के पुरुष हॉकी कोच शेख शाहनाज एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी 2023 में भाग लेने के लिए अपनी टीम के साथ चेन्नई पहुंचे, जहां उन्होंने कहा कि पाकिस्तान टीम हमेशा भारत में खेलने के लिए उत्साहित रहती है। मंगलवार रात भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान और चीन के चेन्नई पहुंचने से हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी चेन्नई 2023 से पहले शहर का माहौल उत्साहित हो गया। जहां चीन की पुरुष हॉकी टीम ने सीधे मेजबान शहर के लिए उड़ान भरी, वहीं पाकिस्तान की पुरुष हॉकी टीम ने अटारी (अमृतसर में वाघा बॉर्डर) से भारत में प्रवेश किया और फिर टीम ने बेंगलुरु होते हुए चेन्नई के लिए उड़ान भरी। टूर्नामेंट की तैयारियों और भारत में खेलने के बारे में बात करते हुए, पाकिस्तान के कोच शेख शाहनाज ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, ÷हम भारत में खेलने के लिए हमेशा उत्साहित रहते हैं और इससे निश्चित रूप से दबाव बढ़ता है, लेकिन अच्छी गुणवत्ता वाले खिलाड़ी जानते हैं कि कैसे प्रदर्शन करना है और अच्छा प्रदर्शन करना है। इसलिए हम दबाव में हैं और मैदान के अंदर




और बाहर अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।'एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 3 अगस्त से 12 अगस्त तक खेली जाएगी। हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति के अनुसार, टूर्नामेंट में छह टीमें - भारत, पाकिस्तान, कोरिया, चीन, मलेशिया और जापान एक-दूसरे से भिड़ेंगी। पाकिस्तान, जिसने तीन बार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता है, भारत के साथ टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है, और अब उनका लक्ष्य रिकॉर्ड चौथी बार इस मायावी ट्रॉफी को जीतने का होगा। पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत 3 अगस्त को मलेशिया के खिलाफ करेगा।

पाकिस्तानी कोच ने कहा, ' हम यहां सकारात्मक हॉकी खेलने के लिए हैं और मेरा मानना है कि भारत और पाकिस्तान को एक-दूसरे के खिलाफ अधिक से अधिक मैच खेलने चाहिए क्योंकि इससे दोनों टीमों को अपने-अपने खेल को अगले स्तर पर ले जाने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी एशियाई खेलों के लिए एक अच्छे अग्रदूत के रूप में काम करेगी क्योंकि हम चीन में उन्हीं टीमों के खिलाफ खेलेंगे, इसलिए यह टूर्नामेंट हमें अपने विरोधियों की ताकत और कमजोरियों की पहचान करने में मदद करेगा, मुझे कम से कम इस टूर्नामेंट का फाइनल खेलने की उम्मीद है।'

## वेस्टइंडीज के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बाद ईशान ने कहा- मैंने जो फिनिशिंग दी उससे खुश नहीं हूं

तरौबा। वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे एकदिनी में 77 रनों की बेहतरीन पारी खेलने वाले सलामी बल्लेबाज ईशान किशन ने कहा कि वह अपने अर्धशतक को बड़ी पारी में न बदल पाने से निराश थे। मुकेश कुमार की शुरुआती सफलता के बाद शार्दुल ठाकुर की शानदार गेंदबाजी से भारत ने बुधवार को तरौबा के ब्रायन लारा स्टेडियम में तीसरा वनडे मैच 200 रनों से जीतकर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज 2-1 से जीत ली।ईशान किशन और शुभमन गिल के बीच 143 रनों की शानदार ओपनिंग साझेदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर में 5 विकेट पर 351 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का अवॉर्ड पाने के बाद ईशान ने कहा कि वह सेट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाना चाहते थे। ईशान ने कहा, मैंने जो फिनिशिंग दी, उससे




मैं इतना खुश नहीं हूं। मुझे सेट होने के बाद बड़ा स्कोर बनाना था। मेरे सीनियर्स ने मुझसे यही कहा था, मुझे रुकना चाहिए था और बड़ा स्कोर करना चाहिए था। अगली बार मैं यही कोशिश करूंगा। इस स्तर पर सेट होना महत्वपूर्ण है। आखिरी गेम को भूलना और 0 से शुरुआत करना महत्वपूर्ण है। मैं एक समय में एक गेंद लेने के बारे में सोच रहा था। शुभमन एक जबरदस्त खिलाड़ी है, मैंने देखा है कि वह गेंद को बीच में कैसे मारता है। उसे बीच से बाहर मारते हुए देखने से मुझे भी काफी आत्मविश्वास मिलता है।' उन्होंने कहा, इस स्तर पर जीतना हमेशा महत्वपूर्ण होता है, इन खेलों से सीखना महत्वपूर्ण है। हम शुरुआती विकेट लेने की कोशिश कर रहे थे, और किसी भी गेंद को जाने नहीं दिया। हर कोई बहुत सकारात्मक दिख रहा है। मैंने यहां कुछ टूर्नामेंट खेले हैं और हम जानते हैं कि यहां विकेट कैसे खेलते हैं, वास्तव में अगले टी20 विश्व कप के बारे में नहीं सोच रहे हैं। आगामी टूर्नामेंटों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, आप जानते हैं कि एक टूर्नामेंट आपके जीवन को कैसे बदल सकता है। हम अभी केवल उसी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।'

## 47वां विला दे सिट्जस इंटरनेशनल: क्यूबा के डीलन बने विजेता , भारत के कौस्तुव को पाँचवाँ स्थान

तरौबा। सिट्जस में होने वाले विला दे सिट्जस इंटरनेशनल के 47वें संस्करण का खिताब क्यूबा के ग्रांड मास्टर डीलन बरनायेस नें अपने नाम किया , 9 राउंड में डीलन नें अपराजित रहते हुए 7 अंक बनाए।सातवें राउंड में यूएसए के कपिल चंदन और आठवें राउंड में स्लोवेनिया के टिम जंजेज़ पर जीत उनके लिए खास और विजेता बनाने वाली रही । 6.5 अंको पर 8 खिलाड़ियों के बीच टाई हुआ जिसमें अर्जेन्टीना के मारिओ विज्जानुएवा दूसरे तो उक्रेन के अलेक्ज़ेंडर कोवचन तीसरे स्थान पर रहे ।

भारतीय खिलाड़ियों में 6.5 अंक बनाकर कौस्तुव कुंडु टाईब्रेक में पांचवें स्थान पर रहे , उन्होने 2447 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 49 अंक जोड़े और तेजी से 2400 की ओर कदम बढ़ा दिये है । आठवें राउंड में स्पेन के इंटरनेशनल मास्टर लकासा जोस पर उनकी जीत खास रही । अन्य खिलाड़ियों में शुभयान कुंडु नौवें स्थान पर रहे और अपनी रेटिंग में 20 अंक जोड़ते हुए 2350 के करीब पहुँच गए है । 1771 रेटिंग वाले मोहम्मद बसिक इमरोस नें 2291 का प्रदर्शन करते अपनी रेटिंग में 154 अंक जोड़े , दूसरे राउंड में टॉप सीड उक्रेन के यूरी स्लोलोडेविचेंको को मात देकर उन्होने अपने खेल जीवन की सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी । 1915 रेटिंग वाले मध्य प्रदेश के राज्य जूनियर चैम्पियन प्रखर बजाज नें भी टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया , अंतिम राउंड हारने के बाद भी प्रखर नें 5.5 अंको के साथ +2200 का प्रदर्शन करते हुए अपनी रेटिंग में 126 अंक जोड़े ।

## केरला ब्लास्टर्स एफसी ने गोलकीपर लारा शर्मा के साथ एक साल के ऋण समझौते पर किया करार

कोच्चि: इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम केरल ब्लास्टर्स एफसी ने गोलकीपर लारा शर्मा को बेंगलुरु एफसी से एक साल के ऋण समझौते पर अनुबंधित किया है। 24 वर्षीय लारा टाटा फुटबॉल अकादमी के उत्पाद हैं। उनके पास इंडियन एरोज, एटीके (रिजर्व्स) और बेंगलुरु एफसी की फुटबॉल रैंकों से गुजरने का भरपूर अनुभव है। डूरंड कप विजेता, लारा ने राष्ट्रीय टीम अंडर-18 टीम का भी प्रतिनिधित्व किया था। करार पर केरला ब्लास्टर्स के स्पोर्टिंग निदेशक कैरोलिस स्किंकिस ने आईएसएल के हवाले से कहा, ÷लारा वह खिलाड़ी हैं जिनका हम लंबे समय से अनुसरण कर रहे हैं। फिलहाल, हमें एक सीज़न के लिए उन्हें करीब से देखने का मौका मिला और हमारे गोलकीपिंग विभाग में गहराई भी आई। मुझे



उम्मीद है कि यह आगामी सीज़न एक खिलाड़ी के रूप में लारा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और हमारे साथ उनका समय उनके और क्लब दोनों के लिए पारस्परिक रूप से फायदेमंद होगा। हम लारा शर्मा का ब्लास्टर्स परिवार में स्वागत करते हैं और कामना करते हैं कि उनका आगामी सीज़न बहुत ही उपयोगी रहे। वह पहले ही कोच्चि में अपने नए साथियों के साथ जुड़ चुके हैं, क्योंकि आगामी डूरंड कप की तैयारी चल रही है।'बेहद खुश दिख रहे लारा शर्मा ने कहा, ÷केबीएफसी में खेलने का अवसर बहुत खास है। क्लब के चारों ओर प्रशंसक, माहौल और ऊर्जा बहुत सकारात्मक है और मैं इसका हिस्सा बनने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। मैं इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने और हर संभव तरीके से क्लब में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।'

## एटीपी रैंकिंग : कार्लोस अलकराज विश्व नंबर 1, आर्थर फिल्स शीर्ष 50 में

लंदन ।फ्रेंचमैन आर्थर फिल्सएटीपी रैंकिंग में टॉप 50 में पहुंच गए हैं जबकि पहले स्थान पर कार्लोस अलकराज बने हुए हैं। यूरोपियन ओपन जीतने के बाद अलेक्जेंडर ज्वेरेव रैंकिंग में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गए। जर्मन ने इवेंट में 19वें स्थान पर प्रवेश किया, लेकिन पिछले सप्ताह के उनके प्रदर्शन से उन्हें 500 अंक मिले। पूर्व विश्व नंबर 3 स्टैन वावरिंका



प्लावा लगुना क्रोएशिया ओपन उमाग के फाइनल में पहुंचने के बाद अक्टूबर 2021 के बाद पहली बार शीर्ष 50 में लौटे हैं। एटीपी 250 में हार्ड कोर्ट पर अपने प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, अलेक्जेंडर बुकिक, जिन्होंने फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर फिट्ज़ को तीन सेटों में मजबूर किया, 20 रैंक चढ़कर करियर के सर्वोच्च 62वें नंबर पर पहुंच गए हैं। उमाग सेमीफाइनल में जगह बनाने के बाद माटेओ अर्नाल्डी अपने करियर में 64वें नंबर पर पहुंच गए। इस साल अर्नाल्डी ने तीन चैलेंजर्स को हराया है और मैड्रिड में कैस्पर रूड को हराकर टॉप-10 मैच जीता है। शीर्ष दस खिलाड़ियों में से केवल तीन ने इस सप्ताह किसी टूर्नामेंट में प्रवेश किया, इसलिए इस सप्ताह शीर्ष 10 में कोई बदलाव नहीं हुआ है। शीर्ष तीन खिलाड़ी वर्तमान में कार्लोस अल्कराज, नोवाक जोकोविच और डेनियल मेदवेदेव हैं, जैनिक सिनर, टेलर फ्रिट्ज और फ्रांसिस टियाफो इस सप्ताह के लिए शीर्ष 10 में हैं।

## भारत ने तीसरे एकदिनी में वेस्टइंडीज को 200 रन से हराया, श्रृंखला 2-1 से जीती

तरौबा। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे और आखिरी एकदिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 200 रनों से करारी शिकस्त देकर श्रृंखला 2-1 से जीत ली। तीसरे एकदिनी में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी करने के लिए कहा, भारतीय टीम ने 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया और वेस्टइंडीज को 36 ओवर में केवल 151 रनों पर समेट दिया।

352 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और केवल 50 रनों के स्कोर पर टीम के 6 बल्लेबाज ब्रेंडन किंग (00), काइल मेयर्स (04), शाई होप (05), केसी कार्टी (06), शिमरोन हेटमायर (04) और रोमानियो शेफर्ड (08) पवेलियन लौट गए। इसके बाद एलिक अनाथाजे (32), गुडकेश मोती (नाबाद 39), अल्जारी जोसेफ (26) और यानिक कारिया (19) ने ही कुछ संघर्ष किया और वेस्टइंडीज को 151 रनों तक पहुंचाया। भारत की तरफ से शार्दुल ठाकुर ने 4, मुकेश कुमार ने 3, कुलदीप यादव ने 2 और जयदेव उनादकट ने 1 विकेट लिया। इससे पहले भारत टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को ईशान किशन और शुभमन गिन ने तेज और मजबूत शुरुआत दिलाई।



दोनों ने पहले विकेट के लिए 19.3 ओवर में 143 रन जोड़े। यारिक कारिया ने किशन को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। किशन ने 64 गेंदों पर 8 चौकों और 3 छक्कों की बदौलत 77 रन बनाए। हालांकि इसके बाद बल्लेबाजी करने आए रुतुराज गायकवाड़ कुछ खास नहीं कर सके और केवल 8 रन बनाकर चलते बने। गायकवाड़ के आउट होने के बाद गिल (85) संजू सैमसन (51) और कप्तान हार्दिक पांड्या (नाबाद 70) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों और सूर्यकुमार यादव की 35 रनों की छोटी और तेज पारी की बदौलत भारत ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 351 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से रोमानियो शेफर्ड ने 2, यानिक कारिया, गुडकेश मोती और अल्जारी जोसेफ ने 1-1 विकेट लिया।

## उत्तर प्रदेश महिला ओलंपिक में अदिति ने स्वर्ण और शिवानी ने कांस्य पदक जीतकर लहराया काशी का परचम

लखनऊ। लखनऊ के बाबू के.डी. सिंह स्टेडियम में 26 से 28 जुलाई तक आयोजित उत्तर प्रदेश महिला ओलंपिक खेल के कराटे स्पर्धा में वाराणसी स्थित आर.बी. मार्शल आर्ट्स एकडेमी की 2 महिला खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं।एकडेमी की अदिति सोनकर ने सीनियर कुमिते वर्ग के 55 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि शिवानी गुप्ता ने सीनियर कुमिते वर्ग के 61 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। पदक जीतकर लौटी शिवानी और अदिति



को सम्मानित किया गया। एकडेमी के कोच अरविंद कुमार यादव ने दोनों खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि 'ये दोनों खिलाड़ी लगातार अपने टेक्निक और टैक्टिक पर वर्क कर रहे हैं। ट्रेनिंग के दौरान शिवानी को पैर में काफी इंज्यूरी हुई थी इसके बावजूद उसने मैच को अच्छे से परफॉर्म किया। मैं इन दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देता हूं और कामना करता हूं कि दोनों एकडेमी ही नहीं बल्कि विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करें।'

